

# हर फ़ैसला मायने रखता ह

UPM की आचार संहिता

UPM BIOFORE
BEYOND FOSSILS

## आचार संहिता हेल्पलाइन

यदि आचार संहिता के संबंध में आपका कोई प्रश्न है,
तो आप कभी भी संपर्क कर सकते हैं
**codeofconduct@upm.com**

हमारी सत्यनिष्ठा और नीतियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया UPM
इंट्रानेट (UPM के कर्मचारियों के लिए)
**codeofconduct.upm.com**
या UPM कॉर्पोरेट वेबसाइट पर जाएं
**upm.com/codeofconduct**

# विषय-सूची


**हमारी वचनबद्धता**

1 सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी वचनबद्धता 6

**हमारे लोग और संचालन**

2 लोगों और मानव अधिकारों का सम्मान करना 14

3 पर्यावरण संबंधी प्रभाव और उत्पाद सुरक्षा पर ध्यान देना 22

**व्यावसायिक सत्यनिष्ठा**

4 भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के प्रति पूर्ण असहनशीलता 26

5 हितों के टकराव से बचें 32

6 प्रतिस्पर्धा संबंधी कानूनों का अनुपालन 38

7 परिसंपत्तियों और जानकारी का संरक्षण करना 44

**हमारे हितधारक**

8 अपने साथ व्यापार करने वाले लोगों के बारे में जानना 54

9 अपने हितधारकों और समाज से जुड़ना 60

**अपनी समस्याएं बताएं**

10 अनुपालन में सभी शामिल हैं 64

**प्यारे सहयोगी,**

UPM की आचार संहिता सभी UPMers (UPM केकर्मचारी) के लिए अखंडता केह मारे उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए एक कम्पास है. हम सभी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपनी संहिता को समझें और जानें कि यह हमारे दैनिक कार्यों में कैसे लागू होती है. हमारे मूल्यों के साथ - भरोसा करें और भरोसा रखें, साथ मिलकर हासिल करें, साहस केसाथ नवीनीकरण करें - यह हमें हमारे पुराने तौर तरीको से परे भविष्य की ओर हमारी यात्रा में मार्गदर्शन करता है.

हमारी आचार संहिता लोगों, पर्यावरण और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं के प्रति हमारे सम्मान को दर्शाती है. इस सम्मान को हम अपनी कार्रवाइयों से व्यक्त कर सकते हैं. ये कार्रवाइयां कंपनी केअंदर और बाहर विश्वास और जुड़ाव का निर्माण करती हैं, जिससे UPM एक भरोसेमंद नियोक्ता, भागीदार, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक बन जाता है.

हमारी सत्यनिष्ठा की संस्कृति का मूल यह है कि हमारे कर्मचारी अपनी चिंताओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करते हैं. यह हमें उचित कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है. हम ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां सभी को सुना जा सके. बोलें, दूसरों को सुनें और कार्रवाई करें!
हमारी पसंद से फर्क पड़त है.

आपकठा,

मासिमो रेनाडो
प्रेसिडेंट एवं सीईओ



# 1 सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी वचनबद्धता

ज़िम्मेदारी, हमारी Biofore कार्यनीति का अभिन्न हिस्सा है। सत्यनिष्ठा हमारे सभी व्यावसायिक संचालनों का मूल तत्व है और हमारी निरंतर सफलता और विकास का आधार है। UPM की आचार संहिता उन मानकों को परिभाषित करती है, जिन्हें हम सभी अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए लागू करते हैं।

**UPM के नैतिक मूल्य**

## भरोसा करें और भरोसेमंद बनें

## मिल-जुलकर लक्ष्य हासिल करें

## साहस से आगे बढ़ें

### *हम सत्यनिष्ठा के लिए प्रतिबद्ध हैं और कानूनों का पालन करते हैं*

हम परिस्थितियों, स्थान या शामिल लोगों पर ध्यान दिए बिना सत्यनिष्ठा के लिए प्रतिबद्ध हैं। सत्यनिष्ठा, हमारे कार्य और कार्य करने के तरीके, दोनों को प्रेरित करती है। सत्यनिष्ठा के प्रति हमारी वचनबद्धता और ज़िम्मेदारीपूर्ण व्यवहार के भाग के रूप में, जिन देशों में हम संचालन करते हैं, उनमें हम कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं।

सही विकल्प चुनकर, हम उस मान्यता को संरक्षित करते हैं जो UPM में हर दिन बनती है। सत्यनिष्ठा से काम करने पर हमारी प्रतिष्ठा एक भरोसेमंद साथी, आपूर्तिकर्ता, ग्राहक और नियोक्ता के रूप में बनती है।

### *आचार संहिता, हमारा सामान्य मानक है*

हमारी आचार संहिता ऐसे सिद्धांतों का निर्माण करती है जो हमें नैतिक रूप से सही निर्णय लेने में मदद करते हैं। अपनी आचार संहिता का अनुपालन करने के लिए हम सभी ज़िम्मेदार हैं और प्रतिबद्ध हैं, और हम समझते हैं कि ऐसा करना क्यों महत्वपूर्ण है।

UPM की आचार संहिता, सभी UPM के कर्मचारियों पर वैश्विक रूप से लागू होती है। यह हमारी कॉर्पोरेट ज़िम्मेदारी और अनुपालन योजनाओं, नीतियों और प्रक्रियाओं का आधार है, जिसके बारे में आचार संहिता में शामिल विषयों में अधिक विस्तार से बताया गया है। अनुपालन जोखिमों का पता कैसे लगाया जाए, इन जोखिमों का सामना कैसे किया जाए और उन पर नियत्रंण और निगरानी कैसे रखी जाए, इन सबके लिए भी हम एक प्रणाली बनाते हैं।

हम अपने कर्मचारियों को और UPM का प्रतिनिधित्व करने वाले अन्य लोगों को अनुपालन के महत्व के बारे में निरंतर बताते रहते हैं। हम अपने कर्मचारियों को आचार संहिता का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।



### UPM कर्मचारी होने के नाते हमसे उम्मीद की जाती है

- अगर हम अपनी आचार संहिता को नहीं समझते हैं और उसका पालन नहीं करते हैं, तो उसे पढ़ें और उसके बारे में पूछें
- अगर हमें कोई दुर्व्यवहार होने का संदेह है, तो इसके बारे में आवाज़ उठाएं और अपनी चिंता व्यक्त करें
- सही कार्य करने को लेकर निश्चित नहीं हैं, तो अपने प्रबंधकों या UPM कानून और अनुपालन विभाग से सलाह मांगें।

### इसके अलावा, UPM प्रबंधकों से उम्मीद की जाती है

- मिसाल कायम करें
- आचार संहिता और अन्य निगमित नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में अपनी टीमों को नियमित रूप से बताएं और टीम से इस बारे में चर्चा करने के लिए समय निकालें कि वे कैसे लागू होती हैं
- समूह के सदस्यों को उनकी कार्रवाइयों के बारे में ज़िम्मेदार बनाएं और साथ ही उनके उत्कृष्ट व्यवहार की और टीम के सदस्यों द्वारा उनके विचारों और चिंताओं को सामने लाने के लिए उनकी सराहना करें
- ऐसे परिवेश को बढ़ावा दें, जिसमें टीम के सदस्यों को अपनी चिंताओं के बारे में बताने में सुरक्षित और आत्मविश्वास महसूस हो और जहां प्रतिशोध को सहन नहीं किया जाता है
- टीम के सदस्यों की चिंताओं को सुनें और संभावित दुर्व्यवहार की किसी भी संदिग्ध घटना के बारे में आगे बताएं
- ऊपर लिखी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी टीम का संचालन करें और उनकी सहायता करें ।

### ? जब आप तय न कर पा रहे हों कि आगे कैसे बढ़ें

तो उन चीज़ों के बारे में सोचें जिन्हें करने की आपने योजना बना रखी है और खुद से पूछें कि

क्या ये हमारी आचार संहिता के मुताबिक हैं

वे कानूनी हैं

वे नैतिक हैं

क्या मैं इनके बारे में सोशल मीडिया या किसी अख़बार में पढ़ना चाहता/चाहती हूं।

**अगर इनमें से किसी भी प्रश्न का भी उत्तर ना है, तो तुरंत रुक जाएं और सही रास्ता ढूंढ़ने के लिए मदद मांगें।**

**UPM में, हम इसे मान्यता देते हैं और सक्रिय रूप से बढ़ावा देते हैं**

- संयुक्त राष्ट्र संवहनीय विकास के लक्ष्य, जो संवहनीय विकास में हमारे कार्य का और हमारे परिचालनों की निरंतर बेहतरी का मार्गदर्शन करते हैं
- मानव अधिकारों, श्रम, पर्यावरण और भ्रष्टाचार-रोधी के संबंध में यूनाइटेड नेशन्स ग्लोबल कॉम्पैक्ट के दस सिद्धांत
- बहुराष्ट्रीय उद्योगों के लिए OECD दिशानिर्देश


**UPM का व्यवसाय**

हम अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं को ज़्यादा टिकाऊ विकल्प चुनने में सक्षम बनाकर संवहनीय विकास करना चाहते हैं। उच्च प्रदर्शन, नवाचार और ज़िम्मेदारी के प्रति अटल प्रतिबद्धता, हमारी कार्यनीति के आधार हैं।

**संसाधन**

- संयुक्त राष्ट्र संवहनीय विकास के लक्ष्य
- मानव अधिकारों, श्रम, पर्यावरण और भ्रष्टाचार-रोधी के संबंध में यूनाइटेड नेशन्स ग्लोबल कॉम्पैक्ट के दस सिद्धांत
- बहुराष्ट्रीय उद्योगों के लिए OECD दिशानिर्देश





# 2 लोगों और मानव अधिकारों का सम्मान करना

हमारा मानना है कि मानव अधिकारों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने में कंपनियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारे परिचालन और व्यावसायिक संबंध, लोगों को प्रभावित करते हैं और ये मानव अधिकारों को प्रभावित कर सकते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करते हैं कि हमारे सभी परिचालनों और व्यावसायिक संबंधों में व्यवसाय और मानव अधिकारों के बारे में संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार मानव अधिकारों का पालन किया जाए। इन सभी की शुरुआत, एक सुरक्षित और समावेशी कार्य परिवेश प्रदान करके और हितधारकों के अधिकारों का सम्मान करके होती है।



*"अन्य लोगों के कल्याण और गौरव पर विचार करें और उनमें योगदान करें"*

## हम मानव अधिकारों का सम्मान करते हैं

UPM व्यवसाय और मानव अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र मार्गदर्शन सिद्धांतों के अनुकूल मानव अधिकार के सम्मान के लिए वचनबद्ध है।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करते हैं कि UPM  के सभी कर्मचारियों द्वारा हमारे सभी परिचालनों और व्यावसायिक संबंधों में मानव अधिकारों का पालन किया जाए और हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक भागीदारों से भी ऐसा ही करने की अपेक्षा करते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे परिचालनों और उत्पादों से मानव अधिकारों का उल्लंघन न हो और इसी तरह हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम ज़िम्मेदार स्रोतों से ही सभी सामग्री और सेवाएं ख़रीदें।

हम मानव अधिकारों पर होने वाले विपरीत प्रभावों का उपाय करने के लिए निगरानी करते हैं और कार्य करते हैं, जिनसे हम अवगत होते हैं और जो हमारी गतिविधियों से उत्पन्न होते हैं या बढ़ते हैं।

## हम श्रमिकों के अधिकारों का सम्मान करते हैं और कार्य करने की उचित स्थितियों को बढ़ावा देते हैं

हम, कार्य करने की उचित स्थितियों को बढ़ावा देते हैं और कर्मचारियों के कोई संघ बनाने, उसमें शामिल होने, सामूहिक सौदेबाज़ी करने और शांतिपूर्वक एकत्रित होने के उनके अधिकारों का सम्मान करते हैं। हम अपने परिचालनों के किसी भी संदर्भ में या अपनी मूल्य श्रृंखला के किसी भी हिस्से में आधुनिक गुलामी, बाल श्रम, जबरन मजदूरी या मानव तस्करी को सहन नहीं करते हैं।

## हम भेदभाव और उत्पीड़न को सहन नहीं करते हैं

सहकर्मियों, व्यावसायिक भागीदारों और अन्य हितधारकों के साथ हमारी कार्रवाइयां और संपर्क, व्यवसायी और सम्मानजनक होते हैं। हम विचारों की, राय की, अभिव्यक्ति की और धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं।

हम लिंग, आयु, नस्लीयता, जाति, राष्ट्रीयता, पारिवारिक बंधनों, भाषा, धर्म, राजनीतिक राय, ट्रेड यूनियन की संबद्धता, दिव्यांगता, यौन अभिविन्यास या इनके समान अन्य व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर किसी से भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भेदभाव बर्दाश्त नहीं करते हैं। हम यौन उत्पीड़न या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं। हम सभी ऐसा सुरक्षित कार्य परिवेश बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार हैं, जो भेदभाव और परेशानी से मुक्त हो।

## हम विविधता और समावेशन को बढ़ावा देते हैं

हम विविधता को बढ़ाते हैं और ऐसा समावेशी माहौल और कार्य परिवेश बनाने की हर संभव कोशिश करते हैं जिसमें व्यक्ति को सुरक्षित और प्रगति महसूस हो सके। हम योग्यताओं और व्यावसायिक ज़रूरतों के आधार पर करियर के समान अवसरों को बढ़ावा देते हैं। हम अपने कार्य परिवेश में समावेशी माहौल को बढ़ावा देना चाहते हैं और अन्य लोगों का सम्मान करना चाहते हैं। हम विभिन्न योग्यताओं और पृष्ठभूमियों वाले लोगों की प्रतिभा का स्वागत करते हैं।



## क्या करना उचित है?

### चूंकि हम सभी को लोगों के सम्मान को बढ़ावा देना है, इसलिए

- आप जो कार्य करते हैं उसके करने के तरीके के भाग के रूप में लोगों का और उनके मानव अधिकारों का सम्मान करें।
- लोगों के साथ गौरवपूर्ण और उसी तरह का व्यवहार करें जैसा आप अपने साथ चाहते हैं।
- उस कार्य – कार्रवाइयों और योजनाओं के प्रभावों के बारे में सोचें, जो लोगों पर होगा।
- आपकी कार्रवाइयों और निर्णयों से लोगों के लिए पैदा होने वाले जोखिमों पर विचार करें और उनका मूल्यांकन करें। यह विशेष रूप से नई व्यावसायिक प्रक्रियाओं, बाज़ारों, निवेशों, अधिग्रहणों या साझेदारियों पर विचार करते समय पैदा होने वाली स्थितियों में या ऐसे देशों में व्यवसाय का संचालन करते समय महत्वपूर्ण है, जिनमें कानून का नियम कमज़ोर हो या जहां सरकार, स्वतंत्र और खुली लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप नहीं मिली हो।
- अगर आपको ऐसा लगता है कि UPM के अंदर या बाहर के लोगों पर आपकी कार्रवाइयों से UPM के परिचालनों या उसके व्यावसायिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है, तो यह सुनिश्चित करने के लिए रुकें और सोचें कि आपकी कार्रवाइयों से मानव अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से समझौता नहीं हो।
- लोगों से समानतापूर्ण व्यवहार करें और लोगों के स्वरूप और उनके स्थान पर ध्यान दिए बिना उनकी असमानताओं को महत्व दें।
- अगर आपको कोई ऐसी बात पता चलती है, जिसका टकराव लोगों और मानव अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से होता है, तो उसकी रिपोर्ट तुरंत अपने प्रबंधक को या अनुभाग 10 में बताए गए अन्य रिपोर्टिंग चैनलों को करें।

### प्रबंधकों के लिए


- सभी के प्रति निष्पक्ष व्यवहार और गौरव को बढ़ावा दें। ऐसा समावेशी परिवेश बनाएं, जिसमें सभी की बात सुनी जा सके।
- विविधता को बढ़ावा देने का कोई मौका न छोड़ें। हमारी टीमों में अलग-अलग योग्यताओं, अनुभवों और पार्श्वभूमि वाले लोगों का स्वागत करें।
- ऐसी संस्कृति को बनाएं और बढ़ावा दें, जिससे लोग विविधतापूर्ण दृष्टिकोण रख सकें और उन्हें योगदान करने के अवसर मिल सकें और महत्वपूर्ण महसूस हो सके।

### व्यावसायिक भागीदारों के साथ व्यवहार करते समय

- अपने आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य हितधारकों के साथ सहभागिता करते समय अपने सहकर्मियों के साथ किए जाने वाले मानव अधिकारों के उन्हीं मानकों को लागू करें।
- सुनिश्चित करें कि हमारे आपूर्तिकर्ता और मध्यवर्ती संस्थाएं, UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता या इसके समान मानकों के लिए प्रतिबद्ध हों और उनका अनुपालन करें।
- खतरे के संभावित संकेतों जैसे पिछले दुर्व्यवहार, किसी प्रासंगिक मानक के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार करने, कार्यबल में असमानता, हिंसा या कर्मचारियों को उनकी इच्छा के विरुद्ध कार्य करने के लिए बाध्य करना, असुरक्षित और अस्वच्छ कार्य स्थितियां, नियुक्ति के शुल्क या कर्मचारियों से प्राप्त हुए पहचान संबंधी दस्तावेज़ों को रोक कर रखने पर ध्यान दें।

### UPM इनका सम्मान करता है

- व्यवसाय और मानव अधिकारों के बारे में संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांत
- मानव अधिकारों के लिए UN की सार्वभौमिक घोषणा, और
- कार्यस्थल पर मौलिक सिद्धांतों और अधिकारों पर ILO की घोषणा



**संसाधन**
• UPM मानव संसाधन के नियम

## हम स्वास्थ्य और सुरक्षा पर समझौता नहीं करते हैं

हम स्वास्थ्य और सुरक्षा पर समझौता नहीं करते हैं। हम सिर्फ़ उन्हीं व्यावसायिक भागीदारों के साथ कार्य करते हैं, जो इस प्रतिबद्धता को साझा करते हैं। हम सभी हमेशा सुरक्षित रूप से कार्य करने और सुरक्षित तथा स्वस्थ्य कार्य परिवेश व प्रक्रियाएं सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। टीम सुरक्षित ढंग से काम कर सके इसलिए सभी प्रबंधकों को अपनी टीम का निर्देशन, संचालन और समर्थन करना चाहिए।

हमें पेशेवर स्वास्थ्य और सुरक्षा के सभी लागू नियमों के साथ ही, कॉर्पोरेट सुरक्षा नियमों और मानकों का भी पालन करना ज़रूरी है। हम स्वास्थ्य और सुरक्षा के संभावित जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन करते हैं। हम निवेशों और विकास प्रोजेक्ट सहित व्यावसायिक प्रक्रियाओं में जोखिम मूल्यांकनों और उन्हें कम करने की योजनाओं को शामिल करते हैं। हम भविष्य में इससे मिलती-जुलती समस्याओं वाली घटनाओं से बचने के लिए घटनाओं से सीखते हैं और हम इन सबक को पूरे UPM और हितधारकों से साझा करते हैं।

## हम अपने हित और विकास का ध्यान रखते हैं

कर्मचारियों का हित हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम मूल्य आधारित और प्रेरक नेतृत्व और सत्यनिष्ठा पर ज़ोर देते हैं। हम ऐसा परिवेश बनाना चाहते हैं, जिसमें टीम के प्रति संबद्धता को बढ़ावा मिले और जिसमें हर कोई प्रोत्साहन महसूस कर सके। कर्मचारियों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर विकास और वृद्धि को हासिल करने के लिए सक्रिय होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और हम ज़रूरत पड़ने पर सहायता की पेशकश करते हैं।

### क्या करना उचित है?

**चूंकि हम सभी को स्वास्थ्य, सुरक्षा और हित सुनिश्चित करना है, इसलिए**

- स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए प्रेरणास्रोत बनें और मिसाल पेश करके नेतृत्व करें। हमेशा अपना और अपने सहकर्मियों का ध्यान रखें और अपने व्यक्तिगत हित का ख्याल रखें।
- अन्य लोगों से अपेक्षा करें और उन्हें बढ़ावा दें कि वे UPM की सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन करें। यदि आप असुरक्षित कार्य व्यवहार देखते हैं, तो आवाज़ ज़रूर उठाएं।
- किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले जोखिमों का मूल्यांकन करें और ज़रूरी सुरक्षा सावधानियां लागू करें। यहां तक कि दबाव में होने पर भी कोई शॉर्टकट न अपनाएं और तब तक कार्य शुरू न करें, जब तक कि यह सुरक्षित न हो।
- किसी भी दुर्घटना और असुरक्षित स्थिति के बारे में तत्काल सूचना दें। कभी भी ऐसा न मान लें कि किसी ने तो जोखिम या चिंता के बारे में सूचना दे ही दी है।
- सुनिश्चित करें कि आपका कार्य प्रदर्शन शराब या नशीली दवाओं जैसी चीज़ों से प्रभावित न हो।
- विचार करें कि आप कैसे अपने कार्यस्थल के वातावरण को सुधार सकते हैं और लोगों को प्रेरित कर सकते हैं।
- अपने व्यक्तिगत और पेशेवर विकास की ज़िम्मेदारी लें।



**संसाधन**

- UPM सुरक्षा नियम



# 3 पर्यावरण संबंधी प्रभाव और उत्पाद सुरक्षा पर ध्यान देना

अपने पर्यावरण संबंधी प्रभाव पर ध्यान देना कार्यकुशल परिचालनों और सफल व्यवसाय के लिए पूर्व-आवश्यकता है। उत्पाद सुरक्षा, हमारे उत्पाद विकास के मूल में है।

## हम लागू कानूनों का पालन करते हैं

हम पर्यावरण संबंधी और उत्पाद सुरक्षा के लागू कानूनों का अनुपालन करते हैं और अपने परिचालनों और उत्पादों द्वारा वायु, मौसम, जल, भूमि, जैव-विविधता और लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों के तरीके पर बारीकी से ध्यान देते हैं।

## हम इन्हें न्यूनतम करते हैं, कम करते हैं और मूल्यांकन करते हैं

हमारा लक्ष्य पर्यावरण या हमारे प्रभाव के दायरे में भूमि का उपयोग करने के हमारे तरीके सहित लोगों पर होने वाले किसी भी नकारात्मक प्रभाव को न्यूनतम करने का है। UPM, मौसम और जैव-विविधता पर होने वाले हमारे परिचालनों के प्रभाव को कम करने के लिए विज्ञान-आधारित कार्रवाइयां करने और मौसम में परिवर्तन के लिए अनुकूल बनने के प्रति प्रतिबद्ध है।

हम लगातार, अपने परिचालनों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष पर्यावरण को होने वाले जोखिमों और प्रभावों का मापन और मूल्यांकन करते हैं और सबसे अच्छी उपलब्ध तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ता-ओं और व्यावसायिक भागीदारों से उम्मीद करते हैं कि वे पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को साझा करें।

## यह हमारी साझा ज़िम्मेदारी है

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे सभी कर्मचारी अपने दैनिक काम में आने वाली पर्यावरणीय समस्याओं से अवगत रहें। इसलिए हम सभी से उम्मीद की जाती है कि हम ज़िम्मेदारी से कार्य करें और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करें। हमें हर ऐसी कार्रवाई पर अच्छी तरह सोच-विचार करना चाहिए, जिससे लोगों या पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

सभी कर्मचारियों को हमारे निरंतर विकास के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए UPM के पर्यावरणीय प्रभावों को नियमानुसार संभालना चाहिए। रसायन और अन्य खतरनाक पदार्थों को सुरक्षित रूप से, अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त प्रबंधन प्रणालियों के अनुसार हैंडल किया जाना चाहिए।

## हम पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए उत्पाद प्रबंधन का प्रयास करते हैं

हम भविष्य के लिए अपरिष्कृत चीज़ों से आगे जाकर उत्पादों को विकसित करते हैं और उत्पाद की ऐसी पहलों के लिए कोशिश करते हैं, जिसमें उत्पाद के संपूर्ण जीवनचक्र पर विचार किया जाता है। हम सभी यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि UPM के उत्पाद उनके वांछित उपयोग के लिए सुरक्षित हों और अपनी विनियामक आवश्यकताएं पूरी करें।

## क्या करना उचित है?

### हम सभी के लिए

- अपने कार्य व कार्यस्थल के पर्यावरणीय प्रभाव और कानूनी आवश्यकताओं से अवगत रहें।
- उन जोखिमों से बचें, जिनसे पर्यावरण को या लोगों को नुकसान पहुंच सकता है और समस्या पैदा होने से पहले कार्रवाई करें।
- पर्यावरण या लोगों को जोखिम पहुंचाने वाली किसी भी संभावित गतिविधि के बारे में सूचित करें।
- सुनिश्चित करें कि उत्पाद, सभी लागू आवश्यकताएं पूरी करें।
- अपनी सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अन्य लोगों के साथ साझा करें।

### हमारे लिए उत्पादन स्थलों पर कार्य करने के लिए

- अपने कार्य से जुड़ी पर्यावरणीय आवश्यकताओं पर समझौता न करें।
- सभी माप, विश्लेषण और रिपोर्ट ईमानदारी से और सही ढंग से संचालित करें।
- संसाधनों (जल, ऊर्जा, कच्चा माल) को बर्बाद न करें और उनका उपयोग कुशलता से करें।
- रसायनों, अन्य नुकसानदायक पदार्थों और अपशिष्ट को सावधानी से और निर्देशों के अनुसार हैंडल करें।



**संसाधन**

- UPM ज़िम्मेदारी का कथन

# 4 भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के प्रति पूर्ण असहनशीलता

रिश्वतखोरी सहित भ्रष्टाचार से निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा समाप्त होती है और नवाचार बाधित होता है। इससे लोगों की स्वतंत्रता, स्वास्थ्य या यहां तक कि उनके जीवन का मूल्य चुकाना पड़ सकता है। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच सकता है और अधिक संवहनीय अर्थव्यवस्था की ओर प्रगति धीमी हो सकती है। हमें ऐसे परिणामों वाली किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए। हमें संगठन के सभी स्तरों पर अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ भी स्पष्ट रहना चाहिए कि हम किसी भी स्वरूप में भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी को सहन नहीं करेंगे।






### हम कभी भी रिश्वत की पेशकश नहीं करते या उसे स्वीकार नहीं करते हैं

UPM का मार्गदर्शक सिद्धांत स्पष्ट है: हम किसी भी रूप में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का समर्थन नहीं करते हैं। हम अपनी ओर से सरकारी अधिकारियों या व्यक्तियों को न तो कभी रिश्वत की पेशकश करते हैं या रिश्वत देते हैं या रिश्वत देने की अनुमति देते हैं, और इसी तरह न ही हम कभी रिश्वत की मांग या उसे स्वीकार करते हैं।

विशिष्ट रूप से, हमें किसी निर्णय को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए, व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए या कोई अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए कोई भी मूल्यवान वस्तु नहीं देनी चाहिए या उसकी पेशकश नहीं करनी चाहिए। हमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जैसे UPM के पक्ष में काम करने वाले किसी तीसरे पक्ष के ज़रिए भी ऐसा नहीं करना चाहिए। इसी तरह, हमें कोई भी मूल्यवान वस्तु प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नहीं मांगनी चाहिए या उसे स्वीकार नहीं करना चाहिए, जिससे हमारे व्यावसायिक निर्णयों में हमारी निष्पक्षता प्रभावित हो या प्रभावित होने का आभास हो।

"मूल्यवान वस्तु" को विस्तृत रूप से समझा जाना चाहिए; इसमें नकद, कोई भुगतान, ऋण, छूट, राजनीतिक या अनुदान योगदान, प्रतिपूर्ति, उपहार, उपहार कार्ड , भोजन, मनोरंजन, यात्रा, रोज़गार या इंटर्नशिप (यहां तक कि गैर-भुगतानित) व्यावसायिक अवसर, सेवा या अन्य लाभ शामिल हैं।

### हम सुविधा भुगतान नहीं करते हैं

सुविधा भुगतान को कई देशों में रिश्वतखोरी माना जाता है। इसका मतलब आमतौर पर ऐसे भुगतान के रूप में होता है, जो ऐसी नियमित सरकारी सेवाओं में तेज़ी लाने या अन्यथा सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है, जिसे उस अधिकारी के लिए निष्पादित करना पहले से ही आवश्यक है। किसी भी रूप में सुविधा भुगतान सख्त प्रतिबंधित है।

### हम रिश्वत की पेशकश नहीं करते हैं या उसे स्वीकार नहीं करते हैं

वाणिज्यिक रिश्वत ऐसे गैर-कानूनी भुगतान हैं, जिनका उपयोग विशेष व्यवहार की प्रतिपूर्ति के लिए किया जाता है और वे भी एक प्रकार की रिश्वत ही है। वाणिज्यिक रिश्वत, नकद, उपहार या किसी भी अन्य मूल्यवान वस्तु के रूप में हो सकती है। UPM और किसी अन्य व्यावसायिक भागीदार के बीच किसी लेनदेन में व्यावसायिक भागीदारों को वाणिज्यिक रिश्वत, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेश करना या उनसे स्वीकार करना सख्त प्रतिबंधित है।

### हम उपहारों, आतिथ्य और यात्रा के खर्चों पर ध्यानपूर्वक विचार करते हैं

दिए गए या स्वीकार किए गए उपहार, आतिथ्य और यात्रा के व्ययों में मान्य व्यावसायिक उद्देश्य होना चाहिए और उन्हें हमेशा उपयुक्त प्रकार और मूल्य का होना चाहिए। हमारी कॉर्पोरेट नीतियों के अनुसार हमें किसी भी उपहार, आतिथ्य और यात्रा व्यय के लिए मंजूरी लेनी चाहिए।

### हम सभी अनुचित अनुरोधों और पेशकशों को अस्वीकार करते हैं और उनकी रिपोर्ट करते हैं

किसी भी अनुचित उपहार, आतिथ्य, यात्रा व्यय, भुगतान या अनुलाभ के सभी अनुरोधों या पेशकशों को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए और उनकी रिपोर्ट तुरंत UPM के कानून और अनुपालन विभाग को की जानी चाहिए।

## क्या करना उचित है?

### सरकारी इकाइयों और अधिकारियों से व्यवहार करते समय

- UPM के कानून और अनुपालन विभाग से परामर्श किए बिना, किसी भी सरकारी अधिकारी को कोई भी मूल्यवान चीज़ न दें, उसकी पेशकश न करें या उसे स्वीकार न करें।

> यह समझें कि शब्द "सरकारी अधिकारी" का अर्थ भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों में ज़्यादा विस्तृत है। इसमें अक्सर किसी सरकारी विभाग, एजेंसी, राष्ट्र स्वामित्व या राष्ट्र के नियंत्रण वाला उद्यम, नगर निगम, पैरिश (ग्रामीण इलाकों में मौजूद सबसे छोटी सरकारी इकाई), राजनीतिक दल या सार्वजनिक अंतरराष्ट्रीय संगठन का कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या प्रतिनिधि या उम्मीदवार होते हैं।

- नियमित सरकारी कार्रवाइयों जैसे कागज़ी कार्रवाई को आगे बढ़ाने, कस्टम प्रक्रिया को क्लियर करने या कार्य अनुमति अथवा पर्यावरण संबंधी लाइसेंस प्राप्त करने में तेज़ी लाने के लिए सरकारी अधिकारियों को कोई सुविधा भुगतान न दें।
- अगर कोई सरकारी अधिकारी, कुछ विशिष्ट व्यावसायिक भागीदारों का उपयोग करने, अधिकारी द्वारा अनुशंसित किसी कल्याणकारी कार्य को प्रायोजित करने या उसे अनुदान देने के लिए कहता है, या अगर आप किसी नौकरी, इंटर्नशिप या व्यावसायिक अवसर की पेशकश, किसी सरकारी अधिकारी के करीबी व्यक्ति को या UPM की व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित किसी व्यक्ति को करना चाहते हैं, तो UPM के कानून और अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

### निजी व्यावसायिक भागीदारों के साथ व्यवहार करते समय

- याद रखें कि व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करने या विशेष रूप से आदर सत्कार या तरजीह प्राप्त करने के उद्देश्य से निजी व्यावसायिक भागीदारों या अन्य पक्षों को रिश्वत, घूस या अन्य भुगतान देने, उनसे स्वीकार करने, पेशकश करने से कई कानूनों और कंपनी नीति का उल्लंघन होता है।
- याद रखें कि आप और UPM को UPM की ओर से कार्य करने वाले किसी व्यावसायिक भागीदार जैसे किसी एजेंट, कंसल्टेंट, परामर्शदाता, संयुक्त उद्यम भागीदार, स्थानीय भागीदार या वितरक के अनुचित आचरण के लिए कानूनी रूप से उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।
- हमारी ओर से किसी व्यावसायिक भागीदार के साथ कोई अनुबंध करते समय या अनुबंध का नवीकरण करते समय उन भागीदार के साथ सहभागिता करने की व्यावसायिक वजहों पर सावधानीपूर्वक विचार करें।
- कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार उचित जोखिम निर्धारण और सम्यक् तत्परता का प्रदर्शन करें।
- अनुबंध में UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय-पक्ष आचार संहिता और कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं में बताए गए अनुबंधात्मक नियमों और शर्तों को ज़रूर शामिल करें।
- हमारी ओर से कार्य कर रहे व्यावसायिक भागीदारों को प्रदान की गई सेवाओं के आधार पर और UPM तथा भागीदार के बीच अनुबंध के आधार पर सिर्फ़ उचित और न्यायोचित कमीशन और शुल्कों का ही भुगतान करें।

### उपहारों, आतिथ्य, यात्रा और मनोरंजन के व्ययों पर विचार करते समय

- ऐसे उपहारों या आतिथ्य, दावत, यात्रा या मनोरंजन की पेशकश न करें, न दें या स्वीकार करें जो सीमा से ज़्यादा खर्चीली हो या जिनका उपयोग अनुचित व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करने अथवा विशेष रूप से आदर-सत्कार प्राप्त करने के लिए किया गया हो या जो अनुचित दिखाई दे सकता है।
- ऐसी कोई भी चीज न दें या लें जिसके बदले आसानी से नकद या नकद के जितनी कोई चीज़ मिल सकती है, अर्थात ऐसी चीज़ें जो आसानी से नकद में बदली जा सकती हैं। नकद के समतुल्य में अन्य चीज़ों के अलावा, पहले से भुगतान किए गए उपहार कार्ड और उपहार प्रमाणपत्र शामिल होते हैं।
- ऐसे कोई उपहार या आतिथ्य न दें या स्वीकार न करें, जो आकस्मिक हों या हमारे मूल्यों या मानकों या हमारी आचार संहिता के विरुद्ध हों।
- उपहारों और आतिथ्य से संबद्ध सभी व्ययों, भोजन, यात्रा या मनोरंजन की रिपोर्ट सटीक रूप से और सही रूप से कंपनी की पुस्तकों और रिकॉर्ड में करें। उपस्थित व्यक्तियों और प्राप्तकर्ताओं, स्थानों, तारीखों, खर्च की राशि, इनवॉइस और रसीदों के नाम UPM की कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुरूप शामिल करें।
- UPM अपने कर्मचारियों के उचित कार्य-संबंधी खर्चों को उन्हें वापस देता है। हमारे व्यावसायिक भागीदारों के खर्चों का भुगतान आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाता है।



**संसाधन**
- UPM भ्रष्टाचार रोधी नियम
- UPM APAC उपहार और आतिथ्य संबंधी नियम

# 5 हितों के टकराव से बचें

कंपनी के बाहर हम सभी के हित और व्यक्तिगत संबंध होते हैं। यह संभव है कि कभी-कभार उनका टकराव हमारी व्यावसायिक गतिविधियों से हो और यहां तक कि उनका विरोध UPM के हितों से भी हो सकता है। इसकी वजह से कंपनी को वित्तीय या इसकी प्रतिष्ठा को क्षति पहुंच सकती है। यही वजह है कि संभावित विरोधों की पहचान करना और उन्हें सही तरह से प्रकट करना तथा प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है।



### हम UPM के सर्वोत्तम हित में कार्य करते हैं

हम सभी से UPM के सर्वोत्तम हित में कार्य करने की और हित के टकराव से बचने की उम्मीद की जाती है। हितों का टकराव तब होता है, जब आपके व्यक्तिगत हित का टकराव UPM के हित से होता है। हितों में जरा भी टकराव कंपनी और उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है।

### हम अपने व्यक्तिगत हितों को व्यावसायिक निर्णयों से अलग रखते हैं

व्यक्तिगत हितों से हित का टकराव पैदा होता है, जैसे अपने आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों या प्रतिस्पर्धियों में शेयर धारित करना या उनसे कोई अन्य संबद्धता रखना। जब ऐसा कोई व्यक्तिगत हित मौजूद हो, तो आपको संबंधित व्यावसायिक भागीदार से संबंधित किसी भी निर्णय प्रक्रिया में शामिल नहीं होना चाहिए। सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों की मामूली हिस्सेदारी से हितों में टकराव पैदा नहीं होता।

### हम साइड में किए जाने वाली सभी नौकरियों और भरोसे के पदों पर सावधानी से विचार करते हैं

आपको UPM के प्रतिस्पर्धियों के लिए कार्य नहीं करना चाहिए या उनके साथ अन्य पेशेवर गतिविधियों में भाग नहीं लेना चाहिए। आप किसी भी ऐसी गतिविधियों से नहीं जुड़ सकते हैं जिसमें आपका ज़्यादा समय बेकार होता है या UPM में आपके काम में मतभेद पैदा होता है, जो आगे चलकर आपके कार्य प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। किसी अन्य संगठन में निदेशक मंडल के सदस्य, निदेशक, अधिकारी, सलाहकार सदस्य या सम्मानित पद पर होने पर भी आपके UPM के दायित्वों में हस्तक्षेप हो सकता है, जिससे विचारों में मतभेद हो सकता है।

### हमें अपने व्यक्तिगत संबंधों पर अपने कार्य का प्रभाव नहीं पड़ने देना चाहिए

हम सभी के ऐसे संबंधी या मित्र हो सकते हैं, जो UPM के ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या प्रतिस्पर्धियों के लिए काम करते हैं या उनके साथ उनका वित्तीय हित हो सकता है। इस तरह के संबंध से हितों के टकराव की संभावना बनती है। अन्य लोग ऐसा सोच सकते हैं कि आप ऐसे व्यावसायिक भागीदार के साथ विशेष व्यवहार करेंगे या यह कि वे UPM की ओर से आपके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को प्रभावित कर सकते हैं। अगर आपके पास उस व्यावसायिक भागीदार से लेन-देन करने का निर्णय लेने की शक्ति है या आप उससे प्रभावित हैं, तो विचारों में मतभेद हो सकता है।

### हम अपने करीबी व्यक्तियों को नियुक्त नहीं करते हैं

ध्यान दें कि यदि आप परिवार के किसी सदस्य, संबंधी, या इसके समान किसी करीबी व्यक्ति की निगरानी कर रहे हैं या उनकी निगरानी में हैं या आप ऐसे किसी व्यक्ति को काम पर रखने पर विचार कर रहे हैं, तो हितों में टकराव हो सकता है। इस तरह के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण या नियुक्ति की अनुमति नहीं है।

### हम इन बातों को प्रकट करते हैं और इनकी चर्चा करते हैं

आपको अपने प्रबंधक को हित के किसी भी वास्तविक या संभावित टकराव की सूचना देनी चाहिए, उसका दस्तावे-ज़ीकरण करना चाहिए और उसे कम करने की स्वीकृत कार्रवाइयां करनी चाहिए तथा अगर ज़रूरी हो, तो अनुमतियां लेनी चाहिए। विरोध, हमारी आचार संहिता का स्वचालित उल्लंघन नहीं है, बल्कि विरोध को प्रकट नहीं करना इसका उल्लंघन है। हर स्थिति का मूल्यांकन मामला देख कर किया जाता है और यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जाती है कि सत्यनिष्ठा की हमारी संस्कृति को कोई खतरा पैदा नहीं किया जाए।



## क्या करना उचित है?

### हम सभी के लिए

- सुनिश्चित करें कि नौकरी में आपके सभी निर्णय निष्पक्ष हैं और वे UPM के व्यावसायिक हितों को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं।
- कंपनी में आपके पद से उत्पन्न अवसरों से या आपके कार्य में आपको जिन जानकारी या एसेट की एक्सेस मिली हुई है, उनका उपयोग करके किसी भी तरह का अनुचित लाभ प्राप्त करने की कोशिश न करें।
- ऐसे सभी निर्णय लेने से खुद को अलग कर लें जो हितों में किसी वास्तविक या संभावित टकराव का कारण बनते हैं या जिन्हें कारण के तौर पर देखा जा सकता है।
- अगर आप अपनी मौजूदा नौकरी या पद के अलावा कोई बाहरी नौकरी या पद लेने पर विचार कर रहे हैं, तो हितों के संभावित टकराव के बारे में चर्चा करने के लिए अपने प्रबंधक को सूचित करें। यदि आवश्यक हो, तो लिखित अनुमति लें।
- हितों के सभी संभावित और वास्तविक टकरावों का दस्तावेज़ीकरण करें और उनके बारे में अपने प्रबंधक को सूचित करें, चाहे आप ऐसा सोचते हों कि उनसे आपका निर्णय प्रभावित होगा या नहीं होगा।

### प्रबंधकों के लिए

- अपनी टीम के उन सदस्यों की बात ध्यानपूर्वक सुनें, जो हित के संभावित टकराव को प्रकट करना चाहते हैं।
- हित के टकराव से संबद्ध किसी भी जोखिम से बचने या उसे कम करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई करें।
- अपने परिवार के किसी सदस्य को या उसके समतुल्य व्यक्ति को नियुक्त या भर्ती न करें। परिवार के सदस्य से हमारा आशय, उदाहरण के लिए जीवनसाथी, संगी, बच्चे, माता-पिता, दादा-दादी, भाई, चचेरे भाई, चाचा और चाची हैं। समतुल्य व्यक्तियों से उदाहरण के लिए हमारा मतलब करीबी मित्रों और उनके परिवार के सदस्यों से है।
- अगर आप किए जाने वाले सही कार्य के बारे में अनिश्चित हैं, तो अपने प्रबंधक, UPM HR, या UPM के कानून और अनुपालन विभाग से सलाह लें।

## क्या यहां हितों में कोई टकराव है? स्वयं से पूछें


क्या मेरे व्यक्तिगत हित या संबंध से उस निर्णय पर कोई प्रभाव या हस्तक्षेप हो सकता है जो मैं UPM के हित के लिए लेता हूं?

- यदि हां, तो अपने प्रबंधक के साथ इसकी चर्चा करें
- यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अपने प्रबंधक के साथ इसकी चर्चा करें
- यदि नहीं, तो क्या कोई अन्य इसे इस तरह से देख सकता है?
  - यदि हां, तो अपने प्रबंधक के साथ इसकी चर्चा करें
  - यदि नहीं, तो शायद यह हितों में टकराव नहीं है

# 6 प्रतिस्पर्धा संबंधी कानूनों का अनुपालन

हमारा मानना है कि स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी बाज़ार से प्रगति और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। प्रतिस्पर्धा कानून प्रभावी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की रक्षा करते हैं और इसे बढ़ावा देते हैं। प्रतिस्पर्धी कानून के उल्लंघनों से कंपनी और व्यक्ति दोनों के लिए गंभीर परिणाम पैदा हो सकते हैं।





*"व्यापार की सफलता अनुपालन पर आधारित होती है"*

### हम हमेशा प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन करते हैं

हम जो भी चीज़ें करते हैं वे हमेशा प्रतिस्पर्धा को संचालित करने वाले कानूनों के अनुसार होनी चाहिए। प्रतिस्पर्धी कानून, ऐसे किसी भी तरह के अनुबंधों और अन्य प्रक्रियाओं का निषेध करते हैं, जिनका लक्ष्य प्रतिस्पर्धा पर रोक लगाना या उसे खत्म करना है या जिसका प्रभाव ऐसा हो। वे हर कंपनी के लिए यह आवश्यक बनाते हैं कि वे बाज़ार में ऐसी किसी भी प्रक्रिया में सहभागिता किए बिना, जिससे प्रतिस्पर्धा बाधित हो सकती है, स्वतंत्र रूप से कार्य करे। वे उन कंपनियों के व्यवहार को भी नियंत्रित करते हैं जिनका बाज़ार में प्रमुख स्थान है।

### ? क्या करना उचित है?

**→ हम सभी के लिए**

- मूल्य निर्धारण, ग्राहक आवंटन, उत्पाद या भौगोलिक बाज़ार का विभाजन, बोली में हेरा-फेरी, बहिष्कार या रोक लगाने, उत्पादन में कमी या स्थिरीकरण, या प्रतिस्पर्धियों के साथ संसाधनों पर समझौता करने की किसी भी प्रक्रिया से न जुड़ें।
- संवेदनशील जानकारी की चर्चा, प्रतिस्पर्धियों के साथ न करें या उनका आदान-प्रदान न करें। यह अनौपचारिक (सामाजिक) घटनाओं और अनियोजित मीटिंग सहित सभी अवसरों पर UPM के प्रतिस्पर्धियों के साथ चर्चा पर लागू होता है। संवेदनशील जानकारी के उदाहरणों में मूल्य निर्धारण, लागत, उत्पादन की मात्रा, छूट, परिचालन दरें, बाज़ार आवंटन, योजनाएं और मिल बंद करना शामिल हैं।
- अगर कोई प्रतिस्पर्धी, ऊपर बताए गए किसी संवेदनशील विषय पर कोई चर्चा प्रारंभ करता है, तो उसमें किसी भी तरह से शामिल होने से इनकार कर दें। अगर ऐसा होता है, तो इसके बारे में UPM के कानून और अनुपालन विभाग को तुरंत सूचित करें।
- सुनिश्चित करें कि प्रतिस्पर्धी, ग्राहक, वितरक, आपूर्तिकर्ता या अन्य व्यावसायिक साझेदार के साथ किए गए सभी व्यावसायिक अनुबंध भी प्रतिस्पर्धात्मक कानूनों का अनुपालन करते हों। अगर आप इस बारे में सुनिश्चित नहीं हैं, तो UPM के कानून और अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

**→ अगर आपको किसी प्रतिस्पर्धी से संपर्क करना है**

- प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी अनावश्यक संपर्क से बचें। सभी प्रतिस्पर्धी संपर्कों का एक स्पष्ट और वैध उद्देश्य होना चाहिए।
- हमारी कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं के आधार पर प्रतिस्पर्धियों से संपर्क करने से पहले अनुमति लें।
- आप यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि प्रतिस्पर्धी के साथ आपके संपर्क का व्यक्ति हमारी कॉर्पोरेट नीतियों का पालन करता है और अगर इससे कोई समझौता हो सकता है, तो UPM के कानून और अनुपालन विभाग को सूचित करने की ज़िम्मेदारी आपकी है।

**एसोसिएशन और इस तरह की गतिविधियों में भागीदारी करने वाले लोगों के लिए**

- अगर आप किसी एसोसिएशन, कन्सोर्टियम, प्लेटफ़ॉर्म या प्रतिस्पर्धियों को शामिल करने वाली किसी पहल में शामिल होने की योजना बना रहे हैं, तो UPM के कानून और अनुपालन विभाग से काफ़ी पहले से संपर्क करें– चाहे उसका उद्देश्य कुछ भी हो।
- हमारी कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार ऐसे किसी भी एसोसिएशन के ऐसे आयोजनों में भाग न लें, जो हमारे डेटाबेस में दर्ज नहीं किए गए हैं।
- किसी भी एसोसिएशन, कन्सोर्टियम, या इसके समान प्रतिस्पर्धियों के साथ किसी भी सहभागिता में भागीदारी करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि लागू प्रतिस्पर्धी कानूनों का अनुपालन उपयुक्त रूप से पूरा कर लिया गया है।
- बिना किसी कार्यसूची के प्रतिस्पर्धियों को शामिल करने वाली किसी मीटिंग में भाग न लें।
- मीटिंग की कार्यसूची की समीक्षा पहले ही करके यह सुनिश्चित करें कि सभी विषय उचित हैं। संशय में होने पर, UPM के कानून और अनुपालन विभाग से सलाह मांगें।
- मीटिंग में संवेदनशील जानकारी साझा न करें।
- अगर मीटिंग के भागीदार,अपनी कार्रवाई से या संवेदनशील जानकारी प्रकट करके प्रतिस्पर्धी कानूनों को भंग करते हैं, तो उस पर तुरंत आपत्ति जताएं। अगर इसका कोई असर नहीं होता है, तो मीटिंग को तुरंत छोड़ दें, सुनिश्चित करें कि आपके प्रस्थान को नोट किया जाए (यहां तक कि मीटिंग के कार्य-विवरण में भी) और UPM के कानून और अनुपालन विभाग को तुरंत सूचित करें। जब संभव हो, तब बैठक कार्य-विवरण में अपने विरोध प्रदर्शन और/या बाहर निकलने का कारण लिखें।
- देखें कि क्या बैठक का कार्य-विवरण मीटिंग की चर्चाओं को सही तरीके से दर्शाता है। यदि आवश्यक हो, तो परिवर्तनों और संशोधनों का अनुरोध करें।

**सूचना का आदान-प्रदान करने पर**

- UPM के कानून और अनुपालन विभाग से परामर्श किए बिना अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जानकारी साझा न करें। आपको प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, व्यापार संघ के ज़रिए, किसी तीसरे पक्ष के ज़रिए भी ऐसा नहीं करना चाहिए।
- हमेशा गोपनीयता को ध्यान में रखें और उसके अलावा अपने व्यावसायिक साझेदारों के साथ कोई अन्य अतिरिक्त जानकारी साझा न करें, जो आयोजित आवश्यक लेनदेन के अतिरिक्त हो। यह याद रखना और जरूरी हो जाता है जैसे अगर आप उन ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यापार करते हैं जो किसी अन्य UPM व्यावसायिक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी हैं। ऐसे मामलों में, व्यावसायिक भागीदार से मिली ऐसी जानकारी UPM के व्यावसायिक क्षेत्र के साथ साझा न करें जो उसका प्रतिस्पर्धी हो या इसके विपरीत हो।

**मूल्य की घोषणाओं के मामले में**

- मूल्यवृद्धि की जानकारी, UPM के कानून और अनुपालन विभाग से परामर्श किए बिना कभी सार्वजनिक न करें।

**वितरकों, ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यवहार करते समय**

- अपने पुनर्विक्रय मूल्य निर्धारित करने की वितरकों या ग्राहक की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध न लगाएं।
- आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों या ग्राहकों के साथ किसी भी प्रतिबंधात्मक अनुबंध (जैसे विशिष्टता या गैर प्रतिस्पर्धा) में प्रवेश करने से पहले UPM के कानून और अनुपालन विभाग से परामर्श करें।

**अगर आपको किसी प्रभावपूर्ण बाज़ार स्थिति के बारे में शंका हो**

- अगर आपको लगता है कि हमारे पास किसी विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में किसी विशेष उत्पाद के लिए बाज़ार में प्रमुख स्थान मिल सकता है, तो UPM के कानून और अनुपालन विभाग से संपर्क करें। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अगर बाज़ार में हमारी प्रभावपूर्ण स्थिति है, तो हम इसका दुरुपयोग न करें।

**किसी जांच के मामले में**

- अगर प्रतिस्पर्धी के प्राधिकारी आपसे संपर्क करते हैं या बिना बताए कोई निरीक्षण करते हैं (जिसे "मुंह-अधेरे छापा मारना" के नाम से भी जाना जाता है) तो UPM के कानून और अनुपालन विभाग से तुरंत संपर्क करें और उनके निर्देशों का पालन करें।




**संसाधन**

- UPM प्रतिस्पर्धा कानून अनुपालन के नियम
- UPM के प्रतिस्पर्धी संपर्क के नियम
- UPM एसोसिएशन भागीदारी के नियम

# 7 परिसंपत्तियों और जानकारी का संरक्षण करना

हमारी संपत्तियां और जानकारी हमारी व्यावसायिक सफलता का आधार हैं। हम अपनी उन संपत्तियों और जानकारी का सावधानीपूर्वक उपयोग करते हैं और उनकी सुरक्षा करते हैं, जो हमें व्यवसाय संचालित करने के लिए सौंपी गई हैं।



### हम सभी भौतिक और डिजिटल संपत्तियों को सावधानीपूर्वक हैंडल करते हैं

अपने दैनिक कार्यों में, हम UPM के प्रति और अपने व्यावसायिक भागीदारों की संपत्तियों जैसे मशीनरी, उपकरण, कच्चे माल, वाहनों, IT उपकरण, उत्पादन स्वचालन डिवाइस, डिजिटल सूचना समाधानों और फ़ंड के लिए ज़िम्मेदार हैं। हम उनका ध्यान से उपयोग करते हैं और उन्हें क्षति, नुकसान, चोरी और दुरुपयोग से बचाते हैं।

### हम संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा करते हैं

हमारे सभी कर्मचारियों को हमारी और हमारे व्यावसायिक भागीदारों की गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए उचित उपाय करने चाहिए। हम गोपनीय जानकारी को ध्यान से संभालते हैं और उन्हें बस उन लोगों के साथ साझा करते हैं जिनके पास जानकारी तक पहुंचने का अधिकार है और जिन्हें अपना काम करने के लिए उसकी आवश्यकता है। हम UPM की बौद्धिक संपदा जैसे आविष्कारों, पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और व्यापार रहस्यों की उचित रूप से रक्षा करते हैं।

जहां UPM अपने कर्मचारियों को सोशल मीडिया में सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, वहीं हम सभी को ऐसी गोपनीय जानकारी प्रकट नहीं करने के लिए अवश्य सावधान रहना चाहिए या ऐसे चित्र, वीडियो या अन्य कंटेंट पोस्ट नहीं करना चाहिए जिसका उपयोग करने का हमें अधिकार नहीं है।

### हम सार्वजनिक प्रकटीकरण और आंतरिक जानकारी की सीमाओं को पहचानते हैं

सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी के रूप में, हमारे लिए आवश्यक है कि UPM की जानकारी को सार्वजनिक करते समय हम हेल्सिंकी स्टॉक एक्सचेंज के लागू कानूनों और नियमों का पालन करें। केवल नामित कंपनी के कर्मचारी ही UPM की ओर से मीडिया को सार्वजनिक बयान दे सकते हैं। हम बाज़ार के दुरुपयोग और आंतरिक जानकारी के बारे में नियमों और विनियमों जैसे व्यापार और खुलासे पर प्रतिबंध, का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ? क्या करना उचित है?

**संपत्तियों और जानकारी को संभालते समय**

- कंपनी की संपत्तियों या जानकारी का दुरुपयोग व्यक्तिगत या गैर-UPM व्यापार के लिए या गैर-कानूनी या अनैतिक गतिविधियों के लिए नहीं करें।
- निजी लाभ के लिए अपने सहकर्मियों की सेवाओं या समय का दुरुपयोग न करें।
- उदाहरण के लिए जब हम नए डिजिटल समन्वय समूह बनाकर जानकारी शेयर करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके ऐक्सेस के अधिकार सिर्फ़ उन्हीं लोगों तक सीमित रहें, जिन्हें उनके कार्य में उस जानकारी की आवश्यकता है।
- क्लीन डेस्क नीति लागू करें – गोपनीय जानकारी को कभी भी अपने डेस्क पर या कहीं और लावारिस न छोड़ें।
- किसी भी पूर्व कर्मचारी के साथ गोपनीय जानकारी साझा न करें या अन्य लोगों से ऐसा न करने के लिए कहें। यदि आप UPM छोड़ते हैं, तो दूसरों के साथ UPM की गोपनीय जानकारी साझा न करें।
- सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले सोचें। क्या आपकी पोस्ट, आपके सहकर्मी, प्रबंधक, हितधारक या पोस्ट में उल्लिखित ऐसे व्यक्तियों के लिए आक्रामक हो सकती है या उससे कंपनी के प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है?

**कार्यस्थल के बाहर होने पर**

- गोपनीय मामलों की चर्चा, सार्वजनिक जगहों पर या किसी भी संबंधी या दोस्त से नहीं करें।
- दूरस्थ रूप से कार्य करते समय, गोपनीयता का वही स्तर बनाए रखें, जो संरक्षित ऑफ़िस परिवेश में बनाकर रखा जाता है। सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति आपके डिवाइस पर गोपनीय डेटा को पीछे से देख या एक्सेस न कर सके या आपकी कॉल को सुन न सके।



**बाहरी पक्षों से संपर्क करते समय**

- कंपनी मामलों पर सभी टिप्पणियों के लिए सभी मीडिया संपर्कों को UPM हितधारक संबंध को निर्देशित करें।
- किसी बाहरी पक्ष को कोई भी गोपनीय जानकारी प्रकट करते समय उनकी जानने की आवश्यकता का मूल्यांकन करें और उनसे गोपनीयता अनुबंध करना सुनिश्चित करें।
- अगर बाहरी पक्ष आपसे आपकी कंपनी के बारे में जानकारी का अनुरोध करते हैं जैसे कि "अपने ग्राहक को जानें" की प्रक्रिया के रूप में, तो सावधानी बरतें। यह सुनिश्चित करें कि अनुरोधकर्ता के पास अनुरोध का वैध उद्देश्य होना चाहिए, उचित गोपनीयता अनुबंध के बिना कोई गोपनीय जानकारी न दें और व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखें।

**बौद्धिक संपदा, आंतरिक जानकारी या अनुषंगी कंपनियों के साथ व्यवहार करते समय**

- पर्याप्त कानूनी सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखकर UPM की बौद्धिक संपदा की हिफ़ाज़त करें और बाहरी पक्षों की बौद्धिक संपदा का आदर करें।
- कॉर्पोरेट नीतियों और आंतरिक जानकारी से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में अप-टू डेट रहें। अगर आपका कोई प्रश्न है, तो UPM के कानून और अनुपालन विभाग से संपर्क करें।
- UPM समूह की कंपनियों में निर्णय लेते समय UPM की स्वीकृति प्रक्रियाओं और सहायक शासन-विधि रूपरेखा का पालन करें।

**संसाधन**

- UPM सुरक्षा नियम
- UPM गोपनीयता नियम
- UPM आंतरिक नीति
- UPM प्रकटीकरण नीति
- वैश्विक कानूनी निकाय प्रशासन के लिए UPM के नियम
- UPM जोखिम प्रबंधन नीति



### सायबर सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है

खतरों से और साथ ही अनधिकृत व गैर-कानूनी उपयोग से अपनी मूल्यवान जानकारी की और डिजिटल संपत्तियों की सुरक्षा करना हमारी ज़िम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करना हमारी नीति है कि अपने व्यवसाय को संचालित और विकसित करने के लिए ज़रूरी जानकारी का उपयोग, कार्यालय, उत्पादन के स्थानों पर और दूरस्थ रूप से करते समय पर्याप्त रूप से और सुरक्षित रूप से किया जाए। हम जानकारी या डिजिटल संपत्ति के उपयोग या व्यवहार से संबंधित सायबर सुरक्षा संबंधी विसंगतियों की रिपोर्ट करते हैं। हम जानकारी और डिजिटल संपत्तियों का उपयोग और इस्तेमाल नैतिक रूप से और ज़िम्मेदारी से करते हैं।

### हम गोपनीयता का सम्मान करते हैं

हम व्यक्तिगत डेटा को प्रासंगिक कानूनों और कंपनी की नीतियों व प्रक्रियाओं के अनुरूप हैंडल करके अपने सहकर्मियों, हित-धारकों (जैसे ग्राहक, वन स्वामी और आपूर्तिकर्ता), और उनके प्रतिनिधियों की गोपनीयता का पालन करते हैं। व्यक्तिगत डेटा का मतलब किसी ऐसी जानकारी से है, जिससे कोई स्वाभाविक व्यक्ति की पहचान होती है या की जा सकती है, जैसे नाम, ईमेल पता, टेलीफ़ोन नंबर, क्रेडिट कार्ड का नंबर, व्यक्तिगत पहचान नंबर या उनका फ़ोटोग्राफ़। जब कभी हमें व्यक्तिगत डेटा को हैंडल करने की आवश्यकता होती है, तो हम ऐसा उस संबंधित व्यक्ति के संबंध में कानूनी रूप से, उचित रूप से और पारदर्शी रूप से करते हैं।

*"रोकथाम करें, संरक्षण करें, ध्यान रखें!"*

### क्या करना उचित है?

**सायबर जोखिमों को कम करने के लिए**

- व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल होते समय, सिर्फ़ UPM द्वारा अधिकृत डिजिटल संपत्तियों और टूल का ही उपयोग करें।
- अपनी कंपनी के उपयोगकर्ता आईडी या पासवर्ड को किसी भी व्यक्ति के साथ शेयर न करें या उनका उपयोग किसी भी ऐसी सेवा के लिए न करें, जिसे आप निजी उद्देश्य के लिए उपयोग करते हैं।
- अगर आपको कोई ऐसी बात दिखाई देती है, जो सही नहीं है – जैसे कोई अजीब ई-मेल, कॉल या सिस्टम व्यवहार, तो उसकी रिपोर्ट तुरंत UPM के सर्विस डेस्क को करें।
- उत्पादन स्वचालन डिवाइस के साथ काम करते समय सायबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें।

**व्यक्तिगत डेटा को हैंडल करते समय**

- व्यक्तिगत डेटा को हैंडल करने से पहले, इसकी पहले योजना बनाएं कि उसे कैसे हैंडल किया जाएगा और सुनिश्चित करें कि आपके पास डेटा को प्रोसेस करने के लिए मान्य व्यावसायिक वजह है।
- व्यक्तिगत डेटा के उपयोग और एकत्रीकरण को आपके उद्देश्य की आवश्यकता तक ही सीमित करें।
- व्यक्तिगत डेटा को उपयुक्त तरीके से हैंडल करके, एक्सेस के अधिकारों, पासवर्ड के ज़रिए और कंपनी द्वारा स्वीकृत टूल और सिस्टम का उपयोग करके उनकी भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षा करें।
- उस व्यक्तिगत डेटा को हमेशा सुरक्षित रूप से नष्ट करें, जिसकी उस उद्देश्य के लिए अब आवश्यकता नहीं रह गई है, जिसके लिए उसे एकत्रित किया गया था।
- व्यक्तिगत डेटा के संदिग्ध उल्लंघन के मामले में, उसकी रिपोर्ट तुरंत UPM की गोपनीयता टीम को करें।



**संसाधन**

- UPM सूचना सुरक्षा और व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियम

### हम निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का अनुसरण करते हैं

हम अपने निर्णय UPM के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए और उपयुक्त जोखिम मूल्यांकन के आधार पर लेते हैं। हमारे संगठन में कानूनी और वित्तीय अनुमोदन प्रक्रियाएं लागू हैं और हम उनका पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन प्रक्रियाओं में जोखिम कम करने के तरीके शामिल हैं, जैसे प्राधिकृत व्यक्तियों, मुद्रा-संबंधी सीमाओं और कर्तव्यों के पृथक्करण को निर्धारित करना।

### हम सटीक बहीखाते और रिकॉर्ड सुनिश्चित करते हैं

सभी व्यावसायिक लेन-देन बहीखातों में सही और स्पष्ट रूप से दर्ज होने चाहिए। सही बहीखाते और रिपोर्टिंग रखने से हमें हमारी कानूनी और नियामक संबंधी आवश्यकताएं पूरी करने में मदद मिलती है, जैसे कि कर निर्धारण। हमारे कर्मचारियों को ऐसी कॉर्पोरेट नीतियां जाननी चाहिए और उनको मानना चाहिए जो रिकॉर्ड के रखरखाव, संग्रहण और निपटारे के बारे में हों।

### क्या करना उचित है?

**लेनदेनों, इनवॉइस, बहीखातों और रिकॉर्ड के साथ व्यवहार करते समय**

- किसी लेनदेन, इनवॉइस या व्यय के दावे को स्वीकृत करने से पहले या किसी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने से पहले, तथ्यों और जानकारी की पूर्णता का सत्यापन करें और सुनिश्चित करें कि लेनदेन के लिए कोई मान्य व्यावसायिक वजह है।
- ध्यान दें कि भुगतानों को हमेशा हमारी आंतरिक प्रक्रियाओं (स्वीकृतियां, खाते, पुष्टि, दस्तावेज़ीकरण) के अनुसार ही हैंडल किया जाना चाहिए। इन आवश्यकताओं के साथ समझौता न करें भले ही आप जल्दी में हों या आप पर दबाव डाला जा रहा हो।
- कंपनी के बहीखातों, रिकॉर्ड या खातों में गलत प्रविष्टि न करें या किसी अन्य को उनमें गलत प्रविष्टि करने के लिए न कहें।
- गलत प्रविष्टियों को रिकॉर्ड न करें, उनका दावा न करें या गलत इनवॉइस या व्यय न दिखाएं।
- कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक सहायक दस्तावेज़ों या प्रमाणिकता के बिना खर्चों का रिकॉर्ड न रखें।
- संदिग्ध लेनदेनों, भुगतानों या खर्चों के बारे में UPM वित्त विभाग, UPM के आंतरिक लेखा परीक्षण या UPM के कानून और अनुपालन विभाग के किसी प्रतिनिधि को सूचित करें। अगर ऐसी संदिग्ध घटनाओं में सायबर जोखिम संबद्ध हो, तो इसके साथ ही UPM IT को भी इसमें शामिल करें।




**संसाधन**

- UPM स्वीकृति नीति
- इस अनुभाग से संबंधित अन्य कॉर्पोरेट नियमों के लिए UPM इंट्रा देखें

# 8 अपने साथ व्यापार करने वाले लोगों के बारे में जानना

हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक भागीदारों को जानकर और उनके साथ व्यावसायिक संबंधों को विकसित करके हम अपने व्यापार के प्रदर्शन, आपूर्ति सुरक्षा और व्यापार निरंतरता में सुधार कर सकते हैं। साथ ही, हम अवैध व्यापार में शामिल होने और इस तरह के संबंधों के कारण होने वाले नुकसानों या प्रतिष्ठा संबंधी क्षति के जोखिम को कम सकते हैं।



### हम अपने व्यावसायिक भागीदारों को ध्यानपूर्वक चुनते हैं

हमें विवेकपूर्ण मापदंड का उपयोग करके अपने व्यावसायिक भागीदारों का चयन ध्यानपूर्वक करना चाहिए। अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ कोई व्यावसायिक संबंध बनाने से पहले हम कोशिश करते हैं कि उनसे संबंधित सभी जोखिमों का पता कर लें और उन पर ध्यान दें। हम अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ अपने संपूर्ण संबंधों में भी उन पर निगरानी रखते हैं। हम विशेष रूप से मानव अधिकारों (अनुभाग 2 देखें), रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार (अनुभाग 4 देखें), व्यापार अनुपालन, मनी लॉन्डरिंग, धोखाधड़ी और वित्तीय मामलों से संबंधित जोखिमों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसके अलावा, पर्यावरण संबंधी और आपूर्ति से संबंधित जोखिमों को हमारी आपूर्ति श्रृंखला में ध्यानपूर्वक प्रबंधित किया जाता है।

### हम ज़िम्मेदारी पूर्वक आपूर्ति करते हैं

हम ज़िम्मेदार आपूर्ति कार्य प्रणालियों के लिए प्रतिबद्ध हैं। UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता में, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकताएं निर्धारित करते हैं कि वे उन्हीं नैतिक व्यावसायिक कार्य प्रणालियों के लिए प्रतिबद्ध हों जिनके लिए हम प्रतिबद्ध हैं और हम उनसे उम्मीद करते हैं कि इन आवश्यकताओं को अपनी खुद की आपूर्ति श्रृंखला में भी आगे लागू करें। सभी आपूर्तिकर्ताओं पर लागू इन आवश्यकताओं के अलावा, अतिरिक्त आवश्यकताएं, जैसे कच्चे माल के स्रोत से संबंधित आवश्यकताएं, कुछ विशिष्ट उत्पादों और सेवाओं पर लागू होती हैं।

### हम व्यापार से संबंधित अनुपालन विनियमों का पालन करते हैं

किसी अन्य वैश्विक कंपनी की तरह हमें भी लागू सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन नियमों का पालन करना चाहिए। व्यापार अनुपालन में आयात, निर्यात और माल के घरेलू व्यापार के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और प्रतिबंधित व्यापार कार्य प्रणालियों को नियंत्रित करने वाले नियम शामिल हैं।

### हम काले धन को वैध बनाने या इसके समान अपराधों में शामिल नहीं होते हैं

काले धन को वैध बनाना एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा आपराधिक गतिविधि जैसे - धोखाधड़ी, कर चोरी, मानव तस्करी और रिश्वत के माध्यम से उत्पन्न धन - को उनके आपराधिक मूल को छुपाने के लिए वैध व्यवसायों में बदल दिया जाता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कानूनी आवश्यकताओं का पालन करते हैं कि हम ऐसे किसी भी व्यवसाय में सहभागिता न करें, जिससे एंटी-मनी लॉन्डरिंग, आतंकवाद रोधी या वित्तीय अपराध संबंधी कानूनों का उल्लंघन होता है।



## क्या करना उचित है?

**हम सभी के लिए व्यावसायिक भागीदारों के साथ सहभागिता करने के लिए**

- अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक भागीदारों को जानें। हमारी कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार जोखिम आधारित सम्यक जांच करके और साथ ही क्रेडिट और अन्य वित्तीय जांचों का संचालन करके उनके बारे में उनके अनुरूप और अप-टू-डेट जानकारी प्राप्त करें और बनाए रखें।
- UPM की ओर से कार्य करने वाले व्यावसायिक भागीदार (जैसे एजेंट, कंसल्टेंट, परामर्शदाता, संयुक्त उद्यम भागीदार, स्थानीय भागीदार या वितरक) से संबंधित जोखिम प्रबंधन के लिए अनुभाग 4 को देखें।
- ऐसे व्यावसायिक भागीदार के साथ शामिल न हों या उसके साथ व्यावसायिक संबंध जारी न रखें, अगर आपके पास पर्याप्त जानकारी नहीं हों या अगर आपको भागीदार के नैतिक व्यवहार के संबंध में चिंता हो। ऐसा तब भी न करें, भले ही आप जल्दबाज़ी में हों या आप पर दबाव डाला जा रहा हो।
- लगातार व्यावसायिक संबंधों को विकसित करने का उद्देश्य रखें, व्यावसायिक भागीदारों की गतिविधियों पर ध्यानपूर्वक निगरानी रखें और यदि आपको ऐसे जोखिम का पता चलता है जिससे UPM पर प्रभाव पड़ सकता है, तो उस पर प्रतिक्रिया करें।
- व्यापार संबंधी सभी लेन-देन का पूरा और सही रिकॉर्ड रखें।
- हमारी आंतरिक प्रक्रियाओं का पालन किए बिना नकद या नकद तुल्य में भुगतान स्वीकार न करें।
- व्यावसायिक भागीदारों जैसे आपूर्तिकर्ताओं और एजेंटों को भुगतान करते समय सावधानी रखें। यह सुनिश्चित करें कि किए गए भुगतान वस्तु या सेवाएं देने वाले व्यक्ति या कंपनी के पास जाएं न कि किसी असंबंधित पक्ष के पास। साथ ही, सुनिश्चित करें कि भुगतान ऐसे देश में ही जाता है, जहां भागीदार, व्यवसाय करता है, उसने UPM को वस्तु बेची है या सेवाएं प्रदान की हैं।
- ख़तरे के संभावित संकेतों को नज़रअंदाज़ न करें जैसे जटिल या असामान्य भुगतान संरचनाएं, विभिन्न पक्षों से या उन्हें एक से ज़्यादा भुगतान होना, असंबंधित खातों को भुगतानों का अनुरोध किया जाना। ग्राहकों के साथ, ख़तरे के संकेत, ऑर्डर की मात्रा में ऐसी बड़ी वृद्धि हो सकती है, जो सामान्य ऑर्डरिंग पैटर्न से असंगत हो या यह स्पष्ट व्यावसायिक उद्देश्य की कमी हो सकती है।
- अगर किसी लेनदेन के बारे में आपको कोई चिंता है, तो रुकें और (अपने प्रबंधक, UPM वित्त विभाग या UPM के कानून और अनुपालन विभाग) से सलाह लें।

**आपूर्तिकर्ता नियत करते समय**

- सिर्फ़ पहले से निर्धारित मापदंड के आधार पर ही आपूर्तिकर्ताओं का चयन करें।
- किसी आपूर्तिकर्ता के साथ सहभागिता करने के पहले, ऐसा उपयुक्त जोखिम मूल्यांकन पूरा करें, जिसमें उत्पादों या सेवाओं से संबंधित अनुपालन जोखिमों की और साथ ही संबंधित आपूर्ति श्रृंखला में भौगोलिक क्षेत्र और जटिलता की हमारी समझ प्रदर्शित हो।
- UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता सहित UPM की आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से बताएं।
- सुनिश्चित करें कि आपूर्तिकर्ता UPM के आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता का या समान मानकों का पालन करें।
- यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी लाभपूर्ण स्थिति का उपयोग करें कि आपूर्तिकर्ता, UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता या समान मानकों को अपनी खुद की आपूर्तिकर्ता श्रृंखला में बढ़ावा दें।
- UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता या इसके समान मानकों का अनुपालन करने से या आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपनी खुद की आपूर्तिकर्ता श्रृंखला में इन्हें बढ़ावा देने से इनकार करना हमेशा ख़तरे का संकेत होता है और इसका निराकरण किया जाना चाहिए।
- गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करें और उत्पाद प्रदर्शन या मूल्यों के बारे में जानकारी जब जरूरी हो तभी साझा करें।



**संसाधन**

- UPM आपूर्तिकर्ता और तृतीय पक्ष संहिता



# 9 अपने हितधारकों और समाज से जुड़ना

हमारे परिचालनों के करीबी स्थानीय समुदायों से अच्छे संबंध बनाना और बनाए रखना और उनकी अनिवार्यता का समर्थन करना हमारे और हमारे व्यवसाय के लिए आवश्यक है।

### हम संवाद को बढ़ावा देते हैं

हमारा उद्देश्य एक भरोसेमंद भागीदार बनना है। हम अपने हितधारकों की अपेक्षाओं को समझते हैं और उनके साथ UPM के लक्ष्यों, संचालन सिद्धांतों और हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के संबंध में संवाद में सहभागिता करते हैं। हम अलग-अलग मतों के अधिकार का सम्मान करते हैं, क्योंकि हम अपने हितधारकों और समाज के साथ बातचीत को बढ़ावा देना चाहते हैं।

### हम स्थानीय सहभागिता पर ध्यान केंद्रित करते हैं

हम अपने आसपास के समुदायों पर अपने महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव को पहचानते हैं और उनके साथ सहभागिता करने की कोशिश करते हैं। हमारा उद्देश्य उनके आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान देना और हमारे संचालन के किसी भी नकारात्मक प्रभाव को कम करना है। हम परियोजनाओं और उपक्रमों के माध्यम से अपने स्थानीय समुदायों के विकास में भाग लेते हैं और अपनी गतिविधियों को खुलकर बताते हैं। जब UPM इस तरह की परियोजनाओं और उपक्रमों को करने के लिए स्थानीय सरकारों के साथ भागीदारी करता है, तब हम अपने कार्यों की सत्यनिष्ठा और भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों और कंपनी की नीतियों का पूरी तरह अनुपालन करना सुनिश्चित करते हैं।

### क्या करना उचित है?

**हम सभी के लिए**

- किसी स्थानीय सरकार के साथ निवेश या स्थानीय समुदाय की विकास परियोजना में भागीदारी से पहले UPM के कानून और अनुपालन विभाग से परामर्श करें।
- UPM की ओर से कोई भी राजनीतिक योगदान न दें या राजनीतिक उम्मीदवारों, दलों या समूहों का समर्थन न करें। अपनी राजनीतिक गतिविधियों को अपने काम से बिलकुल अलग रखें।
- सुनिश्चित करें कि प्रायोजन, अनुदान और कर्मचारी स्वयंसेवा के लिए बनी हमारी कॉर्पोरेट नीतियों और प्रक्रियाओं के आधार पर दान और प्रायोजन स्वीकृत हैं।
- याद रखें कि हम व्यवसाय द्वारा स्थानीय रूप से किए गए धर्मार्थ अनुदानों की अनुमति नहीं देते हैं।
- प्रकटीकरण पर UPM नीतियों के अनुसार सभी हितधारकों के साथ खुलकर तर्कसंगत बातचीत करें।
- विविध मतों को सुनें और उनका स्वागत करें और अपनी राय तर्कसंगत रूप से व्यक्त करें।



"हितधारक बातचीत भरोसे से शुरू होती है"

**संसाधन**

- प्रायोजनों, अनुदानों और कर्मचारी स्वयंसेवा के लिए UPM के नियम



# 10 अनुपालन में सभी शामिल हैं

कर्मचारियों को तत्परता से कानून, इस आचार संहिता या दूसरी UPM कॉर्पोरेट नीतियों के संदिग्ध या देखे गए उल्लंघन की तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए। यह हमारे लिए मुद्दों से निपटने और उन्हें समय से सही करने और संगठन में उसी संदर्भ में या कहीं और फिर से होने से रोक पाना संभव बनाती है।

*"चुप रहना कभी कोई विकल्प नहीं होता।
आवाज़ उठाएं,
सुनें और कार्रवाई करें!"*

**अगर अनुपालन से संबंधित हमारी कुछ चिंताएं हैं, तो हमें ज़रूर आवाज़ उठानी चाहिए**
UPM की सत्यनिष्ठा और नैतिकता के मानकों को बनाए रखने के लिए हम सभी उत्तरदायी हैं। यदि हमें किसी दुर्व्यवहार का संदेह होता है, तो आवाज़ उठाने और रिपोर्ट करने के साथ ही दूसरों के द्वारा बताई गई समस्याओं को सुनना हमारे लिए आवश्यक है। हमें कभी भी ऐसा नहीं मान लेना चाहिए कि किसी न किसी ने तो जोखिम या चिंता के बारे में सूचना दे ही दी होगी।

**हम प्रतिशोध को सहन नहीं करते हैं**
हम उस व्यक्ति के खिलाफ़ किसी भी प्रकार के बदले की भावना बर्दाश्त नहीं करते हैं, जो अच्छी नीयत के साथ संदिग्ध दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करता है या संदिग्ध दुर्व्यवहार को खत्म करने की जांच में भाग लेता है। बदला लेने के उदाहरण में मौजूदा पद से निचले पद पर करना, नौकरी से निकाल देना, पदोन्नति से मना करना, वेतन में कमी करना और किसी भी तरह की धमकी देना, परेशान करना या उत्पीड़न शामिल हैं।

**दुर्व्यवहार के परिणाम होंगे**
कानून, UPM आचार संहिता या UPM की नीतियों का उल्लंघन करने वाले कर्मचारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के अधीन हैं, जिसमें नौकरी से निकालना भी शामिल है। अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई में डांटना, चेतावनी और प्रोत्साहन राशि का नुकसान शामिल हो सकता है। दुर्व्यवहार के उदाहरण जिसके परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई होती हैं

- किसी लागू कानून का उल्लंघन करना
- UPM की कॉर्पोरेट नीतियों का उल्लंघन करना
- अन्य लोगों को लागू कानूनों का या UPM की कॉर्पोरेट नीतियों का उल्लंघन करने का अनुरोध करना
- UPM कॉर्पोरेट नीति के ज्ञात या संदिग्ध उल्लंघन को तुरंत व्यक्त करने में असफल रहना
- जानबूझकर गलत रिपोर्ट प्रदान करना या किसी जांच के दौरान गलत जानकारी प्रदान करना
- संभावित नीति उल्लंघनों की UPM जांचों में सहयोग देने में विफल रहना
- संदिग्ध दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने पर किसी कर्मचारी से प्रतिशोध लेना या प्रतिशोध को सहन करना।

दुर्व्यवहार के अन्य संभावित परिणामों में सिविल प्रतिबंध (उदाहरण के लिए, नुकसान और अनुबंध का उल्लंघन) और आपराधिक प्रतिबंध (उदाहरण के लिए, जुर्माना और कारावास) शामिल हैं। दुर्व्यवहार से व्यक्तिगत परिणाम जैसे आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान, कैरियर संबंधी अवसर और व्यक्तिगत संबंधों को नुकसान भी हो सकता है।

**जब आप कोई रिपोर्ट करते हैं, तो क्या होता है,**

**केस की शुरुआत:**
दुर्व्यवहार की रिपोर्ट की समीक्षा ध्यान-पूर्वक की जाती है, व्यक्तिगत डेटा को उपयुक्त रूप से हैंडल किया जाता है और रिपोर्ट की गोपनीयता यथासंभव बनाकर रखी जाती है।

**जांच:**
जांच, आवश्यक योग्यता वाले, जिन्हे ये कार्य सौंपा गया है उन्ही व्यक्तियों द्वारा की जाती है

**उपचार:**
अगर रिपोर्ट सही पाई जाती है, तो उपयुक्त अनुशासनिक कार्रवाई और/या कानूनी मुकदमे की कार्रवाई तय की जाएगी और सीखे गए सबक लागू किए जाएंगे।

मामले को बंद कर दिया जाएगा।



**संसाधन**

- UPM की दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने की प्रक्रिया
- UPM की सत्यनिष्ठा संबंधी रिपोर्ट

**अपनी चिंताएं व्यक्त करने के लिए हमारे पास एक से ज़्यादा तरीके हैं**

**इसकी चर्चा अपनी टीम के प्रबंधक के साथ करें या**

**इसकी चर्चा UPM के कानून और अनुपालन विभाग, UPM HR, या UPM की आंतरिक ऑडिट के साथ करें या**

**UPM रिपोर्ट दुर्व्यवहार चैनल (अनाम रूप से उपलब्ध) का उपयोग करें**

→ **UPM के कर्मचारियों के लिए: SpeakUp**

→ **हितधारकों के लिए: upm.com/reportmisconduct**

→ **पोस्ट द्वारा:**

UPM-Kymmene Corporation
आंतरिक ऑडिट विभाग का प्रमुख या
मुख्य अनुपालन अधिकारी
पोस्ट ऑफिस बॉक्स 380
FI-00101 हेल्सिंकी, फिनलैंड

UPM

upm.com

Adopted 06/2022, updated 01/2024. Copyright: UPM-Kymmene Corporation.
The Code of Conduct is available in several languages. In case of conflict between the language versions, the English language version prevails.